SUNDAY | 05.11.2023 | कार्तिक कृष्ण-अष्टमी विक्रम संवत-2080
उत्तर प्रदेश
अमर उजाला
महानगर • वर्ष 55 | अंक 290 | पृष्ठ : 20+8 | मूल्य : सात रुपये
बरेली
• 6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण

PAGENO: 18 MIDDLE

राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट शुरू

टेबल टेनिस टूर्नामेंट में भाग लेते खिलाड़ी। स्रोत : संस्थान

बरेली। श्रीराम मूर्ति कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में शनिवार को 10वां श्रीराम मूर्ति मेमोरियल व तृतीय राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट शुरू हुआ। इस बार महिला और पुरुष वर्ग की विभिन्न 12 स्पर्धाओं में 310 खिलाड़ी टूर्नामेंट में शामिल हो रहे हैं।

जिला टेबल टेनिस संघ बरेली की ओर से व राज्य टेबल टेनिस संघ के निर्देशन में आयोजित टूर्नामेंट में तीन दिन में करीब 600 मैच खेले जाएंगे।

टूर्नामेंट का उद्घाटन ट्रस्ट संस्थापक देवमूर्ति, बरेली टेबल टेनिस संघ के सचिव दीपेंद्र कामथान, अंतरराष्ट्रीय रेफरी अमित सिंह, डीन एकेडेमिक्स डॉ. प्रभाकर गुप्ता व प्रिंसिपल डॉ. एमएस बुटोला ने फीता काटकर किया। टूर्नामेंट में 60 हजार रुपये की नकद धनराशि दी जाएगी।

लखनऊ, आगरा, गाजियाबाद, कानपुर, इटावा, प्रयागराज सहित करीब दर्जनभर जिलों के वरीयता प्राप्त खिलाड़ी टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं। इस दौरान आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. सोवन मोहंती, अंपायर सौम्या सिन्हा, आरिफ नियाज, स्कोरर एनके लाहिरी उपस्थित रहे। संवाद